>

Title: Need to open a C.G.H.S. Dispensary in Vasundhara, Ghaziabad, Uttar Pradesh.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): दिल्ली के पास वसुन्धरा (गाजियाबाद) क्षेत्र में एक सीजीएचएस डिस्पेंसरी खुलने के लिए सरकार द्वारा मंजूरी दी गई थी, परंतु कई प्रयासों के बाद भी आज तक वह लंबित पड़ी है। उपरोक्त कालोनी 1997-98 में निर्मित की गई थी। डिस्पेंसरी खोलने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार को निवेदन भी किया गया था, किंतु अभी तक अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।

तेरहवीं लोक सभा की याचिका समिति ने भी 22 जुलाई, 2003 को यहां डिस्पेंसरी खोले जाने की अनुशंसा की जिस पर भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। वसुन्धरा क्षेत्र के आसपास की सारी कालोनियां इससे लाभान्वित होंगी। इस क्षेत्र में 2500 सीजीएचएस कार्ड धारक हैं जो डिस्पेंसरी के अभाव में काफी परेशान हैं। यह क्षेत्र दिन ब दिन और जनसंख्या के हिसाब से बढ़ रहा है। महोदय, उपरोक्त तथ्यों को ध्यान में रखकर शीघ्र सीजीएचएस डिस्पेंसरी खोलने की शीघ्र कार्यवाही की जाये, जिसके लिए पर्याप्त स्थान भी सेक्टर 6 में उपलब्ध है।